Reg. No. : ......................................

Name : ...........................................

# FY-405

**IMPROVEMENT / SUPPLEMENTARY EXAMINATION, JANUARY – 2022**

Part – II

**HINDI**

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 20 Minutes

Maximum : 80 Scores

*सामान्य निर्देश :*

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 20 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**सूचना : 1 से 8 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 4 के उत्तर लिखें ।** **(4 × 1 = 4)**

1. असलम को डॉक्टर ने क्या चलाने से मना किया था ?

2. 'भागो सूखे तिनको' – यह किस कविता की पंक्ति है ?

3. बूढ़ा आदमी किसकी गुठलियाँ बो रहा था ?

4. बीरबलसिंह किस नाटक का पात्र है ?

5. जिस पर वे दोनों ज़िन्दगी के सपने बुन रहे हैं – वे कौन हैं ?

6. कबीर के अनुसार लोग ईश्वर का स्मरण कब करते हैं ?

7. 'अपराध' कहानी के किसी एक पात्र का नाम लिखें ।

8. 'चाँद और कवि' किस विधा की रचना है ?

**सूचना : 9 से 14 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें ।** **(3 × 2 = 6)**

9. यात्री किसी अपराधी की भाँति सिर झुकाए रिक्शे के साथ चल रहा था । क्यों ?

10. बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय ।

    जो दिल खोजौं आपना, मुझ–सा बुरा न कोय ।।

    इस दोहे का तत्त्व क्या है ?

11. संभ्रांत महिला खिड़की के पास बैठकर बाहर क्या फेंकती जा रही थी ?

12. पत्थर की बैंच पर बैठकर रिटायर्ड बूढ़ा क्या कर रहा है ?

13. नया दारोगा कौन है ? वह कैसा आदमी है ?

14. 'दुःख' कहानी के लड़के के घर की हालत कैसी थी ?

**सूचना : 15 से 24 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 5 के उत्तर लिखें ।** **(5 × 6 = 30)**

15. कवितांश की आस्वादन–टिप्पणी लिखें ।

अरे आ गई है भूली–सी
   यह मधुऋतु दो दिन को,
छोटी–सी कुटिया मैं रच दूँ
   नई व्यथा साथिन को !

16. निम्नलिखित कथनों को पात्रों से जोड़कर लिखें :

| **कथन** | | **पात्र** |
|---|---|---|
| हमारा बड़ा आदमी वही है जो लंगोटी बाँधे नंगे पाव घूमता है । | – | बीरबल सिंह |
| हमें किसीसे लड़ाई करने की जरूरत नहीं । | – | मैकू |
| हमारा हुक्म क्या आपको सुनाई नहीं पड़ा ? | – | इब्राहिम अली |

17. जीवन–वृत्त के आधार पर अनंत गोपाल शेवडे के बारे में एक अनुच्छेद लिखें ।

| | **जीवन–वृत्त** |
|---|---|
| नाम | : अनंत गोपाल शेवडे |
| जन्म | : 1911 |
| प्रमुख रचनाएँ | : ज्वालामुखी, मंगला, तीसरी भूख |
| विशेषताएँ | : अहिन्दी भाषी हिन्दी लेखक प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन के मुख्य सचिव |
| मृत्यु | : 1979 |

18. दोहा पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

कामी क्रोधी लालची, इनते भक्ति न होय ।

भक्ति करै कोई सूरमा, जाति बरन कुल खोय ।।

19. जो व्यक्ति अपनी स्वार्थता को छोड़कर दूसरों के लिए कुछ न कुछ करने को तैयार हो जाता है उसका जीवन धन्य हो जाता है । 'आनंद की फुलझड़ियाँ' निबन्ध के आधार पर अपना विचार व्यक्त करें ।

20. कवितांश का आशय लिखें ।

पत्थर की बैंच

जिस पर अंकित हैं आँसू, थकान

विश्राम और प्रेम की स्मृतियाँ

21. ये कथन पढ़ें और इब्राहिम अली के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

- हमें अपने भाइयों से लड़ाई नहीं करनी है ।
- जिस दिन हम इस लक्ष्य पर पहुँच जाएँगे, उसी दिन स्वराज्य सूर्य का उदय होगा ।

22. मान लें, कई सालों के बाद अनुताप का यात्री अपनी आत्मकथा लिखता है । वह आत्मकथांश लिखें ।

23. अंग्रेजी संवाद का हिंदी में अनुवाद करें :

| | | |
|---|---|---|
| Athul | : | Hai Rahul why are you so gloomy ? |
| Rahul | : | You know its Lockdown we can't go anywhere |
| Athul | : | Yes Corona Virus is spreading so fast |
| Rahul | : | What should we do ? |
| Athul | : | We should stay at home and stay safely |

(gloomy-उदास, spreading-फैल रहा है, to stay-रहना, safely-सुरक्षित रूप से)

24. 'दुःख' कहानी में गरीब माँ का जीवन–संघर्ष दिखाया है । इसके आधार पर 'मज़दूरों का जीवन' विषय पर एक लेख लिखें ।

**सूचना : 25 से 34 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 5 के उत्तर लिखें ।** **(5 × 8 = 40)**

25. यात्री असलम की मृत्यु की खबर सुनकर बहुत परेशान था । वह अपने मन की व्यथा पत्नी से बताता है । उन दोनों के बीच का वार्तालाप तैयार करें ।

26. बेंजमिन फ्रैंकलीन ने बीस डॉलर देकर एक गरीब विद्यार्थी की सहायता की । सालों बाद विद्यार्थी यह लौटाने आए । फ्रैंकलीन ने उसे अपने ही पास रखने को कहा । यह भी कहा कि कोई जरूरतमंद आए तो उसे यह दे दीजिए । विद्यार्थी इस घटना के बारे में अपने मित्र को पत्र लिखता है । वह पत्र तैयार करें ।

27. 'कस्तूरबा महिला समिति' ने खादी के कपड़े से बनी विभिन्न रंग और कम दाम वाली थैलियों (Eco friendly bag) का निर्माण किया है । इसकी बिक्री बढ़ाने के लिए एक विज्ञापन तैयार करें ।

28. असलम अपने गुर्दे की खराबी की खबर सुनकर चिंतित हो जाता है । घर आकर वह डायरी लिखता है । उसे तैयार करें ।

29. 4 फरवरी 'विश्व कैंसर दिवस' है । मान लें, आपके गाँव में एक मेडिकल कैंप का आयोजन हो रहा है । इसके लिए एक उचित पोस्टर तैयार करें ।

30. खंड का संक्षेपण करें और उचित शीर्षक लिखें ।

अपने काम से एक बार मुंबई जा रहा था । लड़ाई के कारण कंपनी ने गाड़ियों की संख्या कम कर दी थी इसलिए भीड़ खूब रहती थी । टिकट लेने के लिए बाकायदा छीना-झपटी होती थी । खिड़की के पास भीड़ लगी हुई थी । टिकट बाबू बेचारे परेशानी से टिकट बनाते जाते थे, लेकिन उस छोटी-सी खिड़की में न जाने कितनी आवाज़ें आ रही थी - दो टिकट अमरावती । बाबू, साढ़े तीन आकोला, जल्दी देना । अरे गाडी तो छूटी जा रही है । बाबू नासिक का एक टिकट ....

31. वन का नाश सबका नाश है । वन संरक्षण हर एक का कर्तव्य है । 'वन संरक्षण' पर एक निबन्ध लिखें ।

- पेड़-पौधे प्रकृति का वरदान
- गर्मी से बचाव
- प्राकृतिक संतुलन

32. किसी **एक** मनपसंद फिल्म की समीक्षा लिखें ।

- कथासार
- निदेशक की क्षमता
- पात्रों का अभिनय
- समग्रता

33. सही मिलान करें :

| | | |
|---|---|---|
| Privacy | – | प्रारूप |
| Output | – | ईक्षण |
| Save | – | प्रक्रम |
| Editing | – | अंतर्जाल |
| Programme | – | गोपनीयता |
| Internet | – | सहेजें |
| Format | – | रद्द करें |
| Cancel | – | बहिर्पात |

34. कुछ दिनों से कोचि नगरनिगम के नलों में पानी नहीं आ रहा था । पानी न मिलने से बहुत कठिनाइयाँ हो रही हैं । इस समस्या का समाधान के लिए सरकार द्वारा की गयी कार्रवाइयों की सूचना पाने के लिए नगर निगम के जल विभाग अधिकारी के नाम पर एक सूचना अधिकार पत्र तैयार करें ।